**अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2023**
**कक्षा – 11 (सेट A )**
**विषय - हिन्दी**

**समय – 3 घंटा** **पूर्णांक - 80**

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है |
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।
v. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।
vi. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए -** **(1x6=6)**

i. कबीर ने कुम्हार को किसका प्रतीक माना है ?

(अ) राजा का (ब) ईश्वर का (स) पिता का (द)मित्र का

ii.पिता के देहान्त के समय प्रेमचन्द की क्या आयु थी ?

(अ) पाँच वर्ष (ब ) छः वर्ष (स ) ग्यारह वर्ष (द) सात वर्ष

iii.अंगार उगलना का क्या अर्थ है ?

(अ) लगाना (ब) कठोर वचन कहना (स) गाली देना (द) गर्मी लगना

iv. उत्तेजना के मूल कारण को क्या कहते हैं ?

(अ) विभाव (ब) उद्दीपन (स) अनुभाव (द) संचारी भाव

v खुदाई के समय गर्मी कम करने के लिए कुई के ऊपर से क्या फेंका जाता है ?

(अ) रेत (ब) मिट्टी (स) पानी (द) हवा

Ask classes

(अ) पाँच पद (ब) ...

iii. अंगार उगलना का क्या अर्थ है ?

(अ) आग लगाना (ब) कठोर वचन कहना (स) गा... ना (द) गर्मी लगना

iv. उत्तेजना के मूल कारण को क्या कहते हैं ?

(अ) विभाव (ब) उद्दीपन (स) अनुभाव (द) संचारी भाव

v. खुदाई के समय गर्मी कम करने के लिए कुई के ऊपर से क्या फेंका जाता है ?

(अ) रेत (ब) मिट्टी (स) पानी (द) हवा

vi पत्रकारिता लोकतंत्र का कौन –सा स्तम्भ है ?

(अ) पहला (ब) दूसरा (स) तीसरा (द) चौथा

Ask classes

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए - (1x6=6)

i. कवि दुष्यंत ने वृक्ष के साये में -----------लगने की बात कही है। (धूप/छाँव /शीतल हवा )

ii. शूटिंग वाले घर के पड़ोस में एक----------- रहता था। (नाई / मोची / )

iii. शब्द-युग्म के------------------------ प्रकार हैं । ( तीन / छः / दो )

iv. --------------अलंकार के दो भेद - श्लेष एवं काकु होते हैं। (वक्रोक्ति /अन्योक्ति /दृष्टांत )

v. ऑल इन्डिया रेडियो की स्थापना------------में हुई। (1936/1935/ 1937)

vi. लता मंगेशकर सुप्रसिद्ध गायक ------------- की पुत्री हैं। (आदिनाथ / दीनानाथ / गोरखनाथ)

Ask classes

**3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए -** (1x6=6)

i. 'आपका बंटी 'और 'महाभोज'उपन्यास मन्नू भंडारी की प्रसिद्धि के स्तम्भ हैं।
ii. प्रयोगवादी कवियों ने प्रकृति का मानवीकरण किया है।
iii. भाव पल्लवन को सार –संक्षेपण भी कहते हैं।
iv. बिम्ब किसी पदार्थ का मानसिक या मानसी चित्र होता है।
v. टिप्पणी का मुख्य उद्देश्य मामलों को लटकाना है।
vi. तातुश का छोटा लड़का अर्जुन स्वभाव से संकोची था।

Ask classes

4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1×7 =7)

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| i कृष्णा सोबती | (क) सरकारी काम काज की भाषा |
| ii चम्पा ने कहा | (ख) चार चरण |
| iii राजभाषा | (ग) अनुपम मिश्र |
| iv रोला | (घ) गुजरात |
| v 'द डायरी ऑफ अ यंग गर्ल' | (ङ) कलकत्ता पर बजर गिरे |
| vi 'राजस्थान की रजत बूंदें' | (च) वाच डॉग |
| vii नमक का दरोगा | (छ) एन फ्रेंक |
| | (ज) 13-12 मात्राएँ |
| | (झ) प्रेमचंद |

Ask classes

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×7 =7)

i. कवि भवानी प्रसाद मिश्र के परिवार में कुल कितने सदस्य हैं ?
ii. नागार्जुन आधुनिक काल के किस वाद के कवि हैं ?
iii. दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच होने वाला संभाषण क्या कहलाता है ?
iv. लोहे का पेड़ किसके लिए बनवा सकते हैं ?
v. पटकथा की मूल इकाई क्या होती है ?
vi. आलो आँधारि किस भाषा का शब्द है ?
vii. संकलनत्रय क्या है ?

Ask classes

6. भारतेन्दु युग की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए । (2)

**अथवा**

नई कविता की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए।

7. लोकलाज खोने का क्या अभिप्राय है ? मीरा के पद के आधार पर लिखिए। (2)

**अथवा**

मायके आई बहन के लिए कवि भवानी प्रसाद मिश्र ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है ?

8. वीभत्स रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

मुक्तक काव्य एवं खण्ड काव्य का अर्थ लिखिए।

Ask classes

9. दृष्टान्त अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

शब्दशक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

10. मियाँ नसीरुद्दीन की कौन-सी दो बातें आपको अच्छी लगीं ? लिखिए। (2)

**अथवा**

'पंथेर पांचाली 'फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?

11. आलोचना का अर्थ एवं कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

**अथवा**

Ask classes

रिपोर्ताज से क्या आशय है ? रिपोर्ताज की दो विशेषताएँ लिखिए।

12. राष्ट्रभाषा से क्या अभिप्राय है ? (2)

अथवा

तकनीकी शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

13. क्रिया के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं ? (2)

अथवा

निम्लिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –

i. आपका स्वास्थ्य अब कैसा है ?
ii. मेरी अंकसूचि गुम हो गई है।

14. कुई का मुँह छोटा क्यो रखा जाता है ? पाठ्यपुस्तक में आये पाठ के आधार पर कोई दो कारण लिखिए। (2)

अथवा

सुनील कौन था ?उसने बेबी की सहायता किस प्रकार की ?

Ask classes

15 . पटकथा लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है और क्यों ? (2)

**अथवा**

कार्यसूची क्या होती है ? लिखिए।

16 . भवानी प्रसाद मिश्र **अथवा** त्रिलोचन की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- (3)

i. दो रचनाएँ ii. भावपक्ष iii. कलापक्ष

17 . सत्यजीत **अथवा** मन्नू भंडारी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

i. दो रचनाएँ ii. भाषा-शैली iii. साहित्य में स्थान

18. आपके दादा जी और सब्जी विक्रेता के बीच संवाद लिखिए। (3)

**अथवा**

'क्रोध अंधा होता है ' का भाव पल्लवन करके लिखिए।

Ask classes

19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश **अथवा** काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (3)

राष्ट्रीय चरित्र का विकास ही प्रजातंत्र का आधार है। किसी भी राष्ट्र की नींव उसके राष्ट्रवासियों के चरित्र पर आधारित है। जिस राष्ट्र के नागरिकों का चरित्र जितना महान होगा।उतना देश महान होगा। प्रजातन्त्र के क्रियान्वयन में राष्ट्र के चरित्र की रक्षा आवश्यक है। चरित्र से नैतिकता का विकास होता है और नैतिकता प्रजातन्त्र की रक्षा कर उसे सफल बनाती है।

**प्रश्न-**

i. राष्ट्रीय चरित्र का विकास को किसके विकास का आधार कहा गया है?
ii. चरित्र से किसका विकास होता है?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**अथवा**

निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल।
बिन भाषा ज्ञान के, मिटै न हिम को मूल।।



Ask classes

इक भाषा एक जीव, इक मीत सब घर के लाग।
तवै बनत है सबन सौं, मिटत, मूढ़ता सोग॥

**प्रश्न -**

i. कवि के अनुसार मूढ़ता और शोक किस प्रकार मिटता है?
ii. काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
iii. उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**20.** निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए – (4

यजमान लोग उनकी निष्ठा और संयम के कारण ही उन पर श्रद्धा रखते हैं, लेकिन बुढ़ापे का जर्जर शरीर अब उतना कठिन श्रम और व्रत उपवास नहीं झेल पाता।

**अथवा**

इससे जान पड़ता है कि आपके और यहाँ के निवासियों के बीच में कोई तीसरी शक्ति और भी है जिस पर यहाँ वालों का तो क्या आपका भी काबू नहीं है।

Ask classes

21. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए (4)

कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए, कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए ।
यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है , चलो यहाँ से चले और उम्र भर के लिए।

**अथवा**

हे भूख ! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद ! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल - पुथल
हे मोह ! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा

22. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए। (4)

Ask classes

**अथवा**

अपने मित्र को गर्मी की छुट्टियों में पचमढ़ी भ्रमण हेतु साथ आने लिए पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

i. आधुनिक युग में कम्प्यूटर एवं मोबाइल का महत्त्व

ii. शहर में हुए चुनाव का एक दृश्य

iii. जीवन में खेलों का महत्व

iv. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

v. मेरी स्मरणीय यात्रा



Ask classes